## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 07.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 07.04.2025

## वीडीए ने 14 होटल, 19 ग्रुप हाउसिंग के मानचित्र पास किए

### वित्तीय वर्ष में वीडीए ने बेहतर उपलब्धि हासिल की, मानचित्र स्वीकृति 225%

**वाराणसी।** वीडीए ने इस वित्तीय वर्ष में बेहतर उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 134.75 प्रतिशत राजस्व प्राप्त किया है। इस साल 14 होटल, 19 ग्रुप हाउसिंग के मानचित्र पास किए। मानचित्र स्वीकृति 225 प्रतिशत है।

प्राधिकरण के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा एवं उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के नेतृत्व में प्राधिकरण ने विकास कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति की। प्राधिकरण ने वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 27,537.59 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 37,106.23 लाख रुपये की प्राप्ति की, जो कि 134.75 प्रतिशत है।

निर्माण कार्यों में लगभग शत-प्रतिशत व्यय किया गया। शहरी विकास और निर्माण कार्यों के लिए निर्धारित 6,516.34 लाख रुपये के बजट के विरुद्ध 6,434.48 लाख रुपये व्यय किए गए। मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत मानचित्रों की संख्या 328 है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 564 है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 739 है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राप्त राजस्व/आय 19,61,5,179 रुपये है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 34,38,26,812 रुपये है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 56,40,88,216 रुपये है। इस प्रकार, विगत 2 वर्षों में मानचित्र स्वीकृति में 225 प्रतिशत वृद्धि और राजस्व प्राप्ति में लगभग तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 07.04.2025

## शहर की कॉलोनियों की दीवारों पर भी होगी पेंटिंग

**वाराणसी।** शहर की कॉलोनियों में भी वॉल पेंटिंग कराई जाएगी। इससे दीवारें खूबसूरत दिखेंगी और शहर की छवि और बेहतर होगी। पर्यटन के लिहाज से भी लोगों को आकर्षित करेगा। पहले चरण में शास्त्री नगर कॉलोनी में वाल पेंटिंग कराई जाएगी।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि अभी तक प्रमुख स्थानों और पिलर पर ही पेंटिंग के कार्य किए जाते थे। अब कॉलोनियों की दीवारों पर भी पेंटिंग दिखेगी। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए यह किया जा रहा है। शास्त्री नगर कॉलोनी की सभी 14 दीवारों पर पेंटिंग कार्य किया जाएगा। इसमें कई प्रमुख आर्टिस्ट भी भाग ले रहे हैं। यह पहल वाराणसी को कला और संस्कृति के दृष्टिकोण से और भी समृद्ध बनाने में सहायक होगी। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 07.04.2025

# 14 होटल, 19 ग्रुप हाउसिंग और तीन कालोनियों के नक्शे पास

जागरण संवाददाता, वाराणसी : श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के साथ काशी में पर्यटन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। यह हम नहीं कह रहे हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने एक वर्ष 14 होटल का नक्शा पास किया है। 25 से ज्यादा लोगों ने होटल व गेस्ट हाउस का आवेदन कर रखा है जिनके प्रपत्रों की जांच करने के साथ संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) को कहा गया है। इनके प्रपत्रों के आने के साथ मानचित्र स्वीकृत हो जाएंगे। वहीं 19 ग्रुप हाउसिंग और तीन कालोनी का ले-आउट पास हुआ है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि काशी लोगों को पसंद आने लगी है। इसमें कई स्थानीय भी हो सकते हैं।

विकास प्राधिकरण के पिछले 10 वर्ष का रिकार्ड देखा जाए तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 134.75 प्रतिशत राजस्व प्राप्त हुआ है। इनमें 14 होटल, 19 ग्रुप हाउसिंग और तीन कालोनी के ले-आउट पास हुए हैं। संपत्ति अनुभाग बजट में 14615 के सापेक्ष 17552.45 लाख राजस्व प्राप्त हुआ है। भवन मद में बजट प्रावधान 6882 लाख के सापेक्ष 9690.35 लाख रुपये राजस्व प्राप्त हुआ है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 328, वित्तीय वर्ष 2023-24 में 564 और वित्तीय वर्ष 2024-25 में 739 मानचित्र स्वीकृत हुए हैं। वीडीए के नगर नियोजक प्रभात कुमार ने बताया कि भवन के लिए आवेदन करने से पहले भवन स्वामियों की कमियों को दूर करने की पूरी कोशिश की जाती है।

## हिन्दुस्तान–दि0 07.04.2025

# एक साल में वीडीए ने पास किये 739 नक्शे

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 739 नक्शे स्वीकृत किए हैं। जो तीन वर्षों में सर्वाधिक हैं।

वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि शहरी विकास और निर्माण कार्यों के लिए तय बजट का 98 प्रतिशत उपयोग किया गया। मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया सरल, पारदर्शी बनाने के लिए सुविधा सेल का गठन किया गया। नगर नियोजक की अध्यक्षता में स्थापित यह सेल प्रक्रिया को सरल बना रही है। आर्किटेक्टों, इंजीनियरों की रैंकिंग हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में भू-उपयोग पोर्टल शुरू हुआ जिससे आमलोग https://vdavns.com/land-use से अपने प्लॉट का भू-उपयोग घर बैठे जान सकते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में 14 होटल, 19 ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 07.04.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण की ऐतिहासिक उपलब्धि

वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में विकास और राजस्व प्राप्ति दोनों क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्राधिकरण के अध्यक्ष/कमिशन्र श्री कौशल राज शर्मा एवं उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के कुशल नेतृत्व में प्राधिकरण ने समन्वित प्रयासों से न केवल अपने बजट लक्ष्य से अधिक प्राप्ति दर्ज की, बल्कि विकास कार्यों में भी उल्लेखनीय प्रगति की।प्राधिकरण ने वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 27,537.59 लाख रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 37,106.23 लाख रुपये की प्राप्ति की, जो कि 134.75इ है। यह वृद्धि न केवल लक्ष्य से अधिक है, बल्कि गत वर्ष की तुलना में भी 34.64इ अधिक है।प्रमुख अनुभागों में प्राप्ति इस प्रकार रहीःसम्पत्ति अनुभागः 120.10इ भवन अनुभागः 140.81इ विविध मदः 161.52इ शहरी विकास और निर्माण कार्यों हेतु निर्धारित 6,516.34 लाख रुपये के बजट के विरुद्ध 6,434.48 लाख रुपये व्यय किए गए, जो कि 98इ है। यह दर्शाता है कि प्राधिकरण द्वारा बजटीय संसाधनों का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया गया।मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने हेतु अनेक नवाचार किए गए, जिनमेंप्रमुख हैंमानचित्र सुविधा सेल का गठन - नगर नियोजक की अध्यक्षता में स्थापित यह सेल जनता को अद्यतन मानकों की जानकारी देकर प्रक्रिया को सरल बना रही है।उत्कृष्ट अभियंताओं का सम्मान - प्रत्येक माह बेहतरीन कार्य करने वाले अभियंताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहित किया जा रहा है।मानचित्र स्वीकृति में अभूतपूर्व वृद्धि प्राधिकरण के प्रयासों के फलस्वरूप मानचित्र स्वीकृति की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई:वित्तीय वर्ष 2022-23 स्वीकृत मानचित्रों की संख्या 328 वित्तीय वर्ष 2023-24 564 वित्तीय वर्ष 2024-25 739 वित्तीय वर्ष 2022-23 प्राप्त राजस्व/आय (रु.) 19,61,5,179.00 वित्तीय वर्ष 2023-24 34,38,26,812.00 वित्तीय वर्ष 2024-25 56,40,88,216.00 इस प्रकार, विगत 2 वर्षों में मानचित्र स्वीकृति में 225इ वृद्धि और राजस्व प्राप्ति में लगभग तीन गुना की बढ़ोत्तरी हुई है।